हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई 2026
[नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 मकान व अन्य निर्माण के लिए अब ऑनलाइन...

07 ग्राम माछा में किया गया वृहद अभियान का...

खबर संक्षेप

सरपंच ने सीड बॉल एवं पौधे वितरित किए

माखन नगर। मंगलवार को प्राथमिक शाला घोड़ानार में सीड बॉल द्वारा पौधारोपण किया गया इसमें ग्राम पंचायत नया माना पंचायत सरपंच लक्ष्मी यादव द्वारा बच्चों को सीड बॉल एवं पौधे वितरित किए गए ओर रिक्त जगह पर ग्रामीण जनों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया शाला के बच्चों ने भी पालकों संग मिलकर बड़े ही उत्साह से सीड बॉल द्वारा वृक्षारोपण किया शाला से दोनों शिक्षक उपस्थित रहे।

63 वर्षीय प्रेम पांडे ने जीते चार गोल्ड मेडल

इटारसी। पुरानी इटारसी निवासी प्रेम पांडे ने औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता वर्ष 2026 में भाग लिया। इटारसी के प्रेम पांडे ने 63 की आयु में पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर लगातार सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुये एक के बाद एक गोल्ड मैडल जीतते हुए चार गोल्ड मैडल जीत कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व भी देश के अनेकों राज्यों में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग में भाग लेकर पांडे ने मैडल जीतकर इटारसी शहर का गौरव देश में बढ़ाया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जनसुनवाई, 102 आवेदन आए

कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं, सभी अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर ने 102 आवेदनों के निराकरण निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने कुल 102 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

सम्मान निधि दिलाई

ग्राम कालाआखर निवासी शिवनारायण नागवंशी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि नियमित रूप से प्राप्त नहीं होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जांच के दिए आदेश

ग्राम ढाबा कलां निवासी कृषक धर्मेंद्र पालीवाल ने फसल की राशि का भुगतान लंबित होने की शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए

पुरानी समस्या के निराकरण पर नागरिकों ने माना आभार

नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव द्वारा मंगलवार को नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें कचरा अड्डा समाप्त करने, नाली निकासी, नियमित सफाई एवं अन्य स्वच्छता संबंधी समस्याएँ प्रमुख रहीं। सभापति राकेश जाधव ने सभी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित वार्ड जमादारों को निर्देशित किया कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर शिकायतकर्ताओं को इसकी सूचना भी दी जाए। इस दौरान पूर्व की जनसुनवाई में दर्ज एक समस्या के सफल निराकरण से संतुष्ट एक नागरिक विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग पहुंचकर सभापति राकेश जाधव एवं नगर पालिका टीम का आभार व्यक्त किया। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त 3 शिकायतों के संबंध में भी 24 घंटे के भीतर समाधान करने का आश्वासन दिया गया। सभापति राकेश जाधव ने कहा कि शहर में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी की सक्रियता, व्यापारियों के सहयोग तथा सफाई कर्मचारियों की मेहनत से इटारसी लगातार स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका का प्रयास है कि नागरिकों की प्रत्येक स्वच्छता संबंधी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।

आबकारी विभाग की देर रात तक कार्रवाई, 4 प्रकरण बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के अवैध मदिरा परिवहन, विनिर्माण एवं संग्रहण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों पर आबकारी विभाग ने गत दिवस बड़ी कार्रवाई की। मंगलवार 20 जुलाई की रात्रि को जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन और मण्डल प्रभारी अधिकारी अभिलाष पाठक के नेतृत्व में वृत्त इटारसी शहर की टीम ने रोड गस्त, वाहन तलाशी और ढाबों की सघन जांच की। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, के अंतर्गत 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। टीम ने शहर की मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण कर टेस्ट परचेज की कार्रवाई भी की।

इसके साथ ही अवैध आहातों और सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पूरी कार्रवाई देर रात तक चलती रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह आज

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोनिका चौकसे का पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह आज 22 जुलाई बुधवार को दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनिका चौकसे ने जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिला मोर्चा की प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

सोहागपुर सकल हिंदू समाज ने जताया प्रशासन का आभार

गौशाला के आसपास अवैध कब्जा हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सकल हिंदू समाज, नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर द्वारा गत दिनों सिटियागोहना गौशाला की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत एसडीम डॉ. बबीता राठौर से की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी से कहा था कि भूमि पर झोपड़ियां व मजार बनाए गए हैं। प्रतिनिधि मंडल की एसडीएम के साथ बैठक के दौरान उपस्थित रहे अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि शिकायत के बाद गत दिवस प्रशासन ने अवैध मजार हटाने की कार्रवाई की है। पटेल के अनुसार यह कार्रवाई कानून के शासन, शासकीय भूमि की सुरक्षा तथा जनभावनाओं के सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने का सकल हिंदू समाज स्वागत करता है। नागरिकों ने अपेक्षा की है कि भविष्य में भी शासकीय भूमि पर होने वाले अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध प्रशासन की निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

चलती ट्रेन में फंसा यात्री, आरपीएफ के जवान ने अपनी जान पर खेलकर बचाई यात्री की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मंगलवार शाम रेलवे सुरक्षा बल के जवान की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 12618 मंगला एक्सप्रेस के रवाना होते समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में फंस गया।

बिना समय गवांए की यात्री मदद

प्लेटफॉर्म पर ऑन-ड्यूटी तैनात आरपीएफ के प्रधान आरक्षक राकेश सिंह तोमर ने तत्परता दिखाते हुए बिना एक पल गंवाए यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आरक्षक तोमर की त्वरित कार्रवाई से

यात्री बाल-बाल बच गया और उसे कोई चोट नहीं आई। इसके बाद सुरक्षित यात्री को ट्रेन में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। जवान के इस साहस और कर्तव्यपरायणता की प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने जमकर सराहना की।

नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा, कार्यों को गति देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को नगरपालिका के सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा की गई। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, उपयंत्री और निर्माण एजेंसी के संचालक, पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौर उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा निर्माण एजेंसी के संचालकों से

निर्माण कार्यों से संबंधित वार्डवार वन टू वन चर्चा की गई। साथ ही जहां गतिरोध आ रहा है वहां के पार्षद, इंजीनियर्स एवं निर्माण एजेंसी समन्वय बनाकर कार्य को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के संचालकों को सख्त लहजे में संपूर्ण स्वीकृत निर्माण कार्य 30 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के संचालकों को आ रही समस्याओं का सभी समाधान किया गया।

किसानों ने सरकार को दिया अल्टीमेटम, 23 तक नहीं माने तो भोपाल में होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के सीमित कोटे, खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था और अन्य किसान समस्याओं को लेकर प्रदेशभर के किसान संगठनों ने भोपाल कूच और रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान नर्मदापुरम से भोपाल जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने नर्मदापुरम संभागायुक्त श्रीकांत बनोट को पत्र सौंपा। उन्होंने 23 जुलाई तक मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा

कि यदि 23 जुलाई तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो 27 जुलाई को नर्मदापुरम में मां नर्मदा का पूजन कर पैदल मार्च के साथ भोपाल कूच किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास का शांतिपूर्ण घेराव किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर रेल रोको आंदोलन भी किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक 19 जुलाई को इटारसी के मेहरागांव स्थित देवाशीष गार्डन में हुई थी। इसमें 13 से 15 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, सीहोर, नरसिंहपुर, खंडवा और खरगोन सहित कई जिलों के किसान नेता शामिल हुए।

वार्ड 12 की बदहाल सड़क और गंदगी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 12 में सड़कों की बदहाली, जाम नालियों और मूलभूत सुविधाओं की उपेक्षा के खिलाफ जिला व नगर कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने मांग

की कि अंडर ब्रिज से कलचुरी भवन तक की जर्जर सड़क का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए और वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि जलभराव और बीमारियों से राहत मिल सके। चेतावनीः नेताओं ने साफ किया कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस वार्डवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत ₹गुड्डन₹ पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पूर्व पार्षद व पदाधिकारी रजनीकांत सोनकर, पंकज राठौर सहित अन्य कांग्रेस जन व स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

किसानों की समस्या का पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जायसवाल ने किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी के सामने स्थित खाद गोदाम पर खाद (उर्वरक) वितरण के दौरान किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। खाद प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों और पोर्टल व सर्वर की गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल तुरंत मौके पर किसानों के बीच पहुंचे।

गोदाम पर सुबह से ही पिपरिया, बाबाई व आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए किसान खाद के लिए कतारों में खड़े थे। सर्वर बंद होने, ऑनलाइन पोर्टल न चलने और ओटीपी की समस्याओं के कारण किसान घंटों परेशान होते रहे।

किसानों ने बताया कि अंतिम तिथि होने के बावजूद सर्वर की तकनीकी खराबी के चलते उन्हें टोकन व खाद नहीं मिल पा रहा था। किसानों की परेशानी को देखते हुए मयूर जायसवाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और उच्च अधिकारियों से फोन पर सीधे बात की। उन्होंने अधिकारियों को स्थिति की गंभीरता से अवगत कराते हुए कहा कि दूर-दराज़ से आए किसान परेशान हो रहे हैं, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था कर या सर्वर की समस्या को दूर कर तुरंत खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए। मयूर जायसवाल के हस्तक्षेप और अधिकारियों से वार्ता के बाद खाद वितरण की प्रक्रिया को गति दी गई, जिससे परेशान किसानों को राहत मिली और उन्हें खाद का वितरण शुरू कराया गया।

कान्यकुब्ज समाज की बैठक में पौधरोपण का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार इटारसी की एक आवश्यक बैठक पंच वटी हनुमानमंदिर चामुंडा चौराहे पर आयोजित की गई। बैठक में समाज और संगठन संबंध अनेक निर्णय लिए गए और आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। जल्दी ही कान्यकुब्ज परिवार द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार की युवा शाखा के गठन का निर्णय किया गया और युवा सदस्य दर्शन तिवारी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जो शीघ्र ही अपनी युवा कार्यकारणी का गठन करेंगे। वरिष्ठ सदस्यों ने श्री तिवारी को इस मनोनयन पर बधाई व शुभकामनाएं दी। बैठक के पहले संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवंप्रसाद वितरण किया गया। बैठक में समाज की अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

विद्यार्थियों को दी गई अहम जानकारी

पीएम श्री शासकीय कन्या शाला में भरतनाट्यम कार्यशाला और प्रस्तुति का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पीएम श्री शासकीय कन्या शाला, सूरजगंज (इटारसी) में आज भरतनाट्यम नृत्य कार्यक्रम एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इसमें पुणे से पधारीं प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना वैष्णवी धोरे ने अत्यंत मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सोनिया, प्रधान पाठक महेश रायकवार, खेल शिक्षक विनोद दुबे एवं ओपी तिवारी ने मंचासीन अतिथियों विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा, नृत्यांगना वैष्णवी धोरे तथा उनके साथी सुनील कुमार बाजपेई एवं जाफर सिद्दीकी का आत्मीय स्वागत किया।

'भरतनाट्यम' का अर्थ और जीवंत कार्यशाला

नृत्यांगना वैष्णवी धोरे ने छात्राओं को 'भरतनाट्यम' शब्द का विस्तृत और सरल अर्थ समझाया।

भा (भाव): 'भा' यानी भाव को उन्होंने राष्ट्रकवि दिनकर की कविता के माध्यम से स्पष्ट किया।

र (राग): 'राग' को समझाने के लिए संगीत शिक्षिका इशिता जाजोतिया ने छात्राओं के साथ सरस्वती वंदना का गायन किया, जिस पर वैष्णवी धोरे ने भावपूर्ण नृत्य अभिनय प्रस्तुत किया।

त (ताल): 'ताल' के ज्ञान के लिए प्रसिद्ध तोड़े, रिदम और 12 के पहाड़े (टेबल) का अनोखा प्रयोग कर गणित और ताल के संबंध को समझाया।

सनखेड़ा रोड पर दर्दनाक हादसा, नाबालिगों की गाड़ी ने महिला को रौंदा 1 मौत, कई घायल

इटारसी। सनखेड़ा नाका रोड पर एक अनियंत्रित फोर व्हीलर गाड़ी

की चपेट में आने से ग ज पु र निवासी छाया बाई की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य घायल शासकीय अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि गाड़ी में 3-4 नाबालिग लड़के सवार थे और वही वाहन चला रहे थे। तेज रफ्तार के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। नाबालिगों द्वारा गाड़ी चलाने के इस मामले में अब वाहन मालिक पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

बालिकाओं को बैंक ऑफ़ बड़ोदा शाखा में कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को महिला एवं बाल विकास की मिशन शक्ति के अंतर्गत सेक्टर आंचलखेड़ा में किशोरी बालिकाओं के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसके तहत बालिकाओं को बैंक ऑफ़ बड़ौदा का भ्रमण कराया गया बैंक के शाखा प्रबंधक नितेश कमल पुरिया द्वारा बालिकाओं को बैंक में पैसे जमा करने, निकालने तथा बैंक के द्वारा प्रदायसेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक, वित्तीय एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित शासकीय एवं कार्य प्रणाली से व्यावहारिक एवं शैक्षणिक रूप से परिचित कराना है इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक सरोज चौरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सागर यादव, श्यामवती खापरे, संगीता अहिरवार, ग्राम की बालिकाएं उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

बस स्टैंड पर गूंजा नशामुक्ति का संदेश

भौंरा। समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत मंगलवार को भौंरा पुलिस ने बस स्टैंड परिसर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों, व्यापारियों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। पुलिस हेड कांस्टेबल केएल नागले ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और सामाजिक व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, विशेषकर युवाओं को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। अभियान के दौरान नागरिकों को यह भी समझाया गया कि यदि क्षेत्र में कहीं अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। भौंरा पुलिस के अनुसार नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य केवल कानून का पालन कराना नहीं, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से नशामुक्त और सुरक्षित समाज की स्थापना करना है।

बीएसएनएल के नए प्लान का प्रचार प्रसार और जानकारी जनहित में

शाहपुर। भारत संचार निगम के द्वारा आम जनता को इंटरनेट की सुविधा देने की दृष्टि से इंटरनेट का एक नया प्लान आया है।जिसका प्रचार प्रसार भारत संचार निगम के टेलीकॉम ऑफिसर शक्ति हनोतिया शाहपुर के द्वारा शाहपुर नगर की दुकान दुकान पर जाकर उनके मालिक को इस प्लान के बारे में समझा कर एवं इसकी उपयोगिता के बारे में बता कर अधिक से अधिक भारत सरकार के द्वारा संचालित भारत संचार निगम की नई योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके, इसलिए इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। और उनके कर्मचारी गणेश कहार कोटमी के द्वारा भी बेहतर सर्विस देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर 10 अगस्त को लगेंगे

बैतूल। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बैरागढ़ भोपाल के तत्वाधान में 10 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर के आयोजन किए जाएंगे। आयोजन समिति के प्रहलाद साहू एवं गोपाल साहू ने बताया शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन एवं कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा किए जाएंगे। सभी मरीजों को शिविर स्थल से उसी दिन बस के माध्यम से चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा एवं वहां पर सभी मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को आवास,भोजन ,जांच, ऑपरेशन, दवाइयां की व्यवस्था एवं आत्मीयता पूर्वक सेवा की जाएगी। ऑपरेशन के बाद मरीज को पुनः शिविर स्थल पर लाया जाएगा जहां से सभी मरीज अपने घर को जा सकेंगे। श्री साहू ने आठनेर , भैंसदेही एवं भीमपुर के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धि जनों से इस शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

आवेदकों को बार-बार नहीं काटने पड़ेंगे कार्यालयों के चक्कर

मकान व अन्य निर्माण के लिए अब ऑनलाइन मिलेगी अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अब भवन बनाने के लिए नगरपालिका ऑनलाइन अनुमति देगी। इससे शहर में मकान, व्यावसायिक भवन या अन्य निर्माण कार्य कराने वाले लोगों को अब अनुमति के लिए बार-बार चक्कर कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने विकास अनुज्ञा (भवन निर्माण अनुमति) की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से नए निर्देश जारी किए हैं। इनके लागू होने के बाद निर्माण की अनुमति प्राप्त करना पहले की तुलना में आसान हो जाएगा। सबसे बड़ी राहत यह है कि 12 प्रकार की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) लाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने समीक्षा के बाद 9 प्रकार की एनओसी व्यवस्था में बदलाव किया है। इनमें 3 पूरी तरह से समाप्त कर दी, तीन के स्थान पर केवल स्व-घोषणा के आधार पर प्रक्रिया आगे बढ़ाया जाएगा। दरअसल शासन के निर्देशों के अनुसार भवन निर्माण अनुमति के लिए आवेदन, भवन का नक्शा, साइट प्लान, की प्लान, सर्विस प्लान सहित सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड होंगे। किसी भी स्तर पर आवेदक से हार्ड कॉपी जमा कराने की मांग नहीं की जाएगी। यदि भूमि स्वामी स्वयं आवेदन करता है तो ऑनलाइन शपथ-पत्र ही मान्य होगा, जबकि अधिकृत कंसल्टेंट के माध्यम से आवेदन करने पर भूमि स्वामी का हस्ताक्षरित प्राधिकरण पत्र अपलोड करना होगा।

भवन अनुज्ञा के लिए लगती थी 12 प्रकार की एनओसी

भवन अनुज्ञा के लिए अभी तक 12 प्रकार की एनओसी मांगी जाती थी, नए आदेश के तहत सहकारिता विभाग, गृह निर्माण सहकारी समिति, विद्युत विभाग तथा नजूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। पहले इन विभागों से एनओसी प्राप्त करने में कई बार आवेदकों को लंबा इंतजार करना पड़ता था, जिससे भवन अनुज्ञा प्रक्रिया में देरी होती थी। अब इन मामलों में नगर पालिका आवेदकों से एनओसी प्रस्तुत करने की मांग नहीं करेगी। यदि प्रस्तावित भवन हाउसिंग बोर्ड, विकास प्राधिकरण अथवा रक्षा प्रतिष्ठान के प्रभाव क्षेत्र में आता है तो आवेदक को संबंधित विभाग की एनओसी लाने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में आवेदक से केवल स्व-घोषणा ली जाएगी। यदि नगर पालिका को आवश्यक लगेगा तो वह आवेदन प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर संबंधित विभाग को ऑनलाइन प्रकरण भेजेगी। विभाग को 21 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति या अनापत्ति देना होगी।

लोगों को लगाना पड़ते हैं नगरपालिका के चक्कर

फिलहाल जो भी भू स्वामी अपनी जमीन पर मकान बनाना चाहता है, उसके लिए नगरपालिका में निर्धारित शुल्क जमा करके परमिशन दी जाती थी। उसे विकास शुल्क सहित अन्य आवश्यक शुल्क जमा करना पडता है। यह शुल्क ऑनलाइन ही अब जमा होने लगेंगी। इससे लोगों को बार-बार नगरपालिका के चक्कर काटने से राहत मिलेगी। इसके अलावा शहर में बहुत कम मकान नगरपालिका में दर्ज हैं, इसलिए नगरपालिका को संपत्तिकर के रूप में राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहर में बिना अनुमति बने मकान चिह्नित हो सकेंगे, जिससे उनसे भी संपत्ति कर वसूली जा सकेगा। ऑनलाइन भवन बनाने की अनुमति से अब नगर पालिका को भी राहत मिल सकती है।

नई व्यवस्था से ये होगा लोगों को फायदा

जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था से लोगों को नगर पालिका आने की जरूरत नहीं रहेगी। साथ ही समय पर स्वीकृति मिल जाएगी। इसके अलावा स्वीकृति को लेकर किसी भी तरह की गडबड़ी नहीं हो सकेगी, क्योंकि सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब अधिकारियों तक जानकारी पहुंच जाएगी। कभी भी सॉफ्टवेयर में देखा जा सकता है कि कितने लोगों को स्वीकृति मिली और क्या-क्या दस्तावेज लगाए गए। यानि नई प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता रहेगी। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन प्रक्रिया में संबंधित व्यक्ति को करीब 15 दिन में निर्माण की स्वीकृति मिल जाएगी।

इनका कहना है

मकान, व्यावसायिक भवन या अन्य निर्माण कार्य कराने वाले अधिकृत इंजीनियरों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसके बाद नगरपालिका द्वारा निर्माण की अनुमति प्रदान की जाती है। पहले लोगों को नगरपालिका आकर आवेदन करना होता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया ऑनलाइन हो चुकी है।

नागेन्द्र वागद्रे,
सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

यह एनओसी लेना अभी भी अनिवार्य

फायर सेफ्टी, पर्यावरण, एयरपोर्ट अथॉरिटी, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) तथा हेरिटेज क्षेत्रों से जुड़े मामलों में आवश्यकता अनुसार एनओसी अनिवार्य रहेगा। बहुमंजिला एवं बड़े भवनों के लिए पंजीकृत फायर इंजीनियर द्वारा तैयार फायर सेफ्टी प्लान आवेदन के साथ देना होगा, पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करने से पहले फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। 20 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली परियोजनाओं में पर्यावरणीय स्वीकृति भी आवश्यक रहेगी। नई ऑनलाइन प्रणाली में जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) आधारित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से यह स्वतः पता चल जाएगा कि संबंधित भूखंड एयरपोर्ट, राष्ट्रीय स्मारक, हेरिटेज क्षेत्र या अन्य प्रतिबंधित क्षेत्र के दायरे में आता है या नहीं। यदि भूखंड ऐसे किसी क्षेत्र में नहीं आता है तो संबंधित एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। नगर पालिका क्षेत्र के हजारों संपत्ति स्वामियों को इस नई व्यवस्था का सीधा लाभ मिलेगा।

बिल नहीं भरने से काटा कनेक्शन

15 दिन से विजयग्राम में सचिव नहीं, ग्रामीण हो रहे परेशान

भैंसदेही। ग्राम पंचायत विजयग्राम में पिछले 15 दिनों से सचिव नहीं है। यहां पदस्थ सचिव के स्थानांतरण के बाद नये सचिव की पदस्थापना नहीं हुई है। जिसके कारण ग्राम के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है, वहीं नलजल का बिजली बिल नहीं भर पाया है। जिसके कारण बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया है और नलजल योजना भी बंद पड़ी है। परिणाम स्वरूप ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8-15 दिन से नल नहीं आये है। ग्रामीण यहां-वहां से पानी की व्यवस्था करके पानी की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे है। सरपंच से कहने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह उठकर सबसे पहले पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। जिससे बच्चों को भी स्कूल जाने में लेट होता है। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव नहीं होने के ग्राम के विकास कार्य पर भी ब्रेक लग गया है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सीईओ से जल्द से जल्द सचिव की पदस्थापना किये जाने की मांग की है।

तबादला हो गया है

सचिव का तबादला हो गया है। नये सचिव के लिए प्रशासन को लिखा है। प्रशासन स्तर से ही सचिव की पदस्थापना होगी।

झलकन अहिरवार, सीईओ,
जनपद पंचायत भैंसदेही

रेत और मुरूम के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहनों को किया जब्त

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 18 और 19 जुलाई को खनिज विभाग द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ घोड़ाडोंगरी क्षेत्रांतर्गत खनिज मुरूम के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 0735 को जप्त कर पुलिस चौकी घोड़ाडोंगरी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है एवं बैतूल क्षेत्रांतर्गत ग्राम खेड़ीसांवलीगढ़ के पास से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन जॉन डियर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 1136 को जप्त कर पुलिस चौकी खेड़ीसांवलीगढ़ की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

9 जुलाई के बाद फिर मानसून ने दी दस्तक, कई हिस्सों में बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

करीब 12 दिनों के लंबे अंतराल के बाद मानसून ने एक बार फिर दस्तक दी है। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी लगातार कम हो रही थी और खरीफ फसलों पर संकट गहराने लगा था। अब जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज होने से किसानों को आंशिक राहत मिली है, लेकिन मानसून अभी भी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है। लगातार बादल छाए रहने के बावजूद उमस बनी हुई है और किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बता दे कि 9 जुलाई के बाद से जिले में मानसून लगभग थम गया था। बारिश के लंबे ब्रेक के कारण सोयाबीन और मक्का जैसी खरीफ फसलों की बढ़वार प्रभावित होने लगी। कई स्थानों पर फसलें मुरझाने लगीं, जिसके चलते किसानों को स्प्रिंकलर से सिंचाई कर फसल बचाने की कोशिश करनी पड़ी। वर्षा रिकॉर्ड के अनुसार, 17 जुलाई तक जिले की औसत वर्षा 290.6 मिमी दर्ज की गई थी। 18 जुलाई को यह बढ़कर 290.9 मिमी, 19 जुलाई को 291.9 मिमी और 20 जुलाई को हुई 15.8 मिमी औसत वर्षा के बाद संचयी वर्षा 307.7 मिमी तक पहुंच गई। 21 जुलाई की सुबह तक जिले में कुल औसत वर्षा 310.7 मिमी रिकॉर्ड की गई।

अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसान

किसानों का कहना है कि लंबे समय तक बारिश नहीं होने से खेतों की ऊपरी सतह पूरी तरह सूख गई थी। हल्की बारिश से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो सोयाबीन और मक्का की फसलों की बढ़वार गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। लगातार बादल और अधिक नमी के कारण दिनभर उमस बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, बैतूल जिले में अगले 4 से 5 दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ स्थानों पर तेज बौछारें पडने की संभावना है। विभाग ने बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

नगर में निकली आकर्षक झांकियां

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर मातंग ऋषि समाज की भव्य शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मां ताप्ती जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मातंग ऋषि समाज द्वारा नगर में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ अंबेडकर चौक (नागपुर नाका) से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में मां ताप्ती एवं मातंग ऋषि की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। नागपुर की प्रसिद्ध संतोषी बैंड पार्टी, ढोल-ताशों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक जयघोषों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय मां ताप्ती और मातंग ऋषि अमर रहें के जयघोषों के बीच शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा का समापन पुनः अंबेडकर चौक पर हुआ, जहां मां ताप्ती की आरती संपन्न कर

श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि मां ताप्ती जन्मोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने मां ताप्ती के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा मातंग ऋषि के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजेश खड़से, बीरबल डोंगरदिए, रामकृष्ण देव्हारे, बिंदेश्वर लोखंडे, नत्थूजी देव्हारे, अविनाश तायवाड़े, सुनील खड़से, सोनू देव्हारे, जग्गू देव्हारे, रवींद्र लोखंडे सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे और शोभायात्रा को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

कांग्रेस संगठन सृजन प्रशिक्षण में हुआ विवाद पहुंचा थाने

डागा-पांसे सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में कांग्रेस में गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों गुटों में एक दूसरे को कमजोर करने के प्रयास तेज होते जा रहे हैं, जो भविष्य में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत, मंडी एवं सहकारिता सहित अन्य चुनावों के हिसाब से कांग्रेस के लिए हितकर नहीं है। राजनैतिक समीक्षकों का भी यही मानना है कि जिस तरह से कांग्रेस में मतभेद के साथ-साथ मनभेद भी सामने आया है, वह पार्टी की सेहत के लिए ठीक नहीं है। इससे भाजपा अपना राजनैतिक लाभ मिलने की उम्मीद कर रही है।

यह है मामला

लगभग 65 वर्ष पूर्व बैतूल में कांग्रेस को कार्यालय बनाने के लिए भूमि प्राप्त हुई थी। लगभग 40 वर्ष तक कांग्रेस, देश और प्रदेश में सत्ता में रही। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यालय भवन बैतूल में नहीं बना पाई। वहीं 2003 में बैतूल में जमीन मिलते ही पांच वर्षों में भाजपा ने अपना विशाल कार्यालय खड़ा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस भवन को लेकर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता एवं जिले में निलय डागा के समर्थक माने जाने वाले विजय पारधी ने कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर में आल इंडिया कांग्रेस की ओर से आए मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को बैतूल में इस बारे में बताया कि 15 महीने की सरकार में कांग्रेस कार्यालय की जमीन पर से अतिक्रमण हटने और भूमिपूजन होने के बाद भी भवन नहीं बना। लेकिन निलय डागा ने अध्यक्ष बनते ही कार्यालय का काम चालू कर दिया। इसी बात को लेकर कांग्रेस का दूसरा गुट विजय पारधी से नाराज हो गया और जैसे ही हरीश चौधरी रवाना हुए, तो विजय पारधी के साथ धक्का-

मुक्की का वीडियो भी वायरल हो गया। जिसको लेकर विजय पारधी ने देर शाम थाने में शिकायत दर्ज की। मिली जानकारी के अनुसार विजय पारधी की शिकायत की जानकारी मिलते ही आमला से दो बार कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लडकर हारने वाले मनोज मालवे ने भी एक शिकायत कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

इनके खिलाफ हुआ है मामला दर्ज

कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया ने बताया कि विजय पारधी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 602/26 के तहत पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, सलमान खान, मनोज मालवे और नवनीत मालवीय के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई है। वंही मनोज मालवे की शिकायत पर अपराध क्रमांक 605/ 26 के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय डागा, विजय पारधी, मोनू बडोनिया और हर्षवर्धन धोटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मारपीट, गाली-गलौज की धाराओं के अलावा एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे सहित लाखों श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

ताप्ती जन्मोत्सव पर आरती घाट में गूंजे मां ताप्ती के जयकारे

तीन दशक से अधिक समय से ताप्ती सेवा मंडल निभा रहा सेवा और संरक्षण का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ताप्ती जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ताप्ती सेवा समिति मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आरती घाट पर मां ताप्ती की भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ किया गया। महाआरती में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे सहित लाखों श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर मां ताप्ती का पूजन-अर्चन किया तथा धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य लाभ प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पंडित संतोष शर्मा एवं पंडित सूरज दुबे, दिनेश चंद शर्मा, पुष्कर देशमुख, मुलमुले महाराज ने मां ताप्ती की महाआरती संपन्न कराई। आरती के दौरान पूरा ताप्ती तट जय मां ताप्ती के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने दीप, पुष्प एवं आरती की थालियों के साथ मां ताप्ती की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

तीन दशक से अधिक समय से सेवा और संरक्षण में जुटा ताप्ती सेवा मंडल

ताप्ती सेवा मंडल मां ताप्ती के संरक्षण, विकास एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़ा नगर का सबसे प्राचीन सेवा संगठन माना जाता है। पिछले तीन दशकों से अधिक समय से मंडल ताप्ती नदी के संरक्षण, धार्मिक परंपराओं के संवर्धन तथा जनजागरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मंडल की विशेषता यह है कि मां ताप्ती की सेवा के लिए समर्पित नगर का कोई भी व्यक्ति इससे जुडकर सेवा कार्यों में भागीदारी निभा सकता है। मंडल से जुड़े अनेक वरिष्ठ सदस्य आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके योगदान को नगरवासी आज भी श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। ताप्ती गहरीकरण, ताप्ती तट स्थित प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार, मां ताप्ती

मंदिर का पुनर्निर्माण, ताप्ती गेट का निर्माण, बारादरी एवं घाटों का विकास तथा मां ताप्ती कथा के शुभारंभ जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्यों में ताप्ती सेवा मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

84 सदस्यों ने रखी थी आरती की नींव

ताप्ती सेवा समिति (मंडल) वर्तमान में एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें जय किशन चंदेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग तीन दशक पूर्व स्वर्गीय डॉ. अशोक भार्गव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 84 सदस्यों ने गंगा आरती की तर्ज पर प्रतिदिन मां ताप्ती की आरती प्रारंभ करने का संकल्प लिया था। दैनिक आरती का शुभारंभ दिनेश चंद शर्मा ने किया, जबकि हनुमान प्रसाद दुबे ने वर्षों तक इसकी निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी क्रम में ताप्ती जन्मोत्सव पर वर्ष में एक बार 108 थालों से महाआरती आयोजित करने की परंपरा भी प्रारंभ की गई, जिसमें नगर का प्रत्येक श्रद्धालु अपनी आरती की थाली लेकर शामिल हो सकता है।

निरंतरता ही बनी महाआरती की सबसे बड़ी पहचान

आरती घाट पर प्रतिदिन होने वाली मां ताप्ती की आरती की सबसे बड़ी विशेषता इसकी निरंतरता है। लंबे समय के दौरान अनेक चुनौतियां और परिस्थितियां सामने आईं, लेकिन आरती का क्रम कभी नहीं टूटा। यही कारण है कि आज ताप्ती जन्मोत्सव की महाआरती नगर के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल हो चुकी है। महाआरती में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, संजय यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, जय किशन चंदेल, किशोर सिंह परिहार, सुमित शिवहरे, लोकेश यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भाजपा व्यापारी संघ प्रकोष्ठ में गौरव अग्रवाल बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा द्वारा आगामी नगर निकायों तथा विधानसभा चुनावों को दृष्टि में रखते हुए सक्रिय एवं प्रभावी नेता तथा कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां विभिन्न प्रकोष्ठों व मोर्चाओं में की जा रही है। इसी क्रम में सोहागपुर निवासी व्यापारी एवं सक्रिय भाजपा नेता गौरव मोंटू अग्रवाल को भाजपा व्यापारी संघ प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला है। प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल द्वारा गौरव मोंटू अग्रवाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर भाजपा व्यापारी संघ प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश में प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्ताशय का नियुक्ति पत्र गत दिवस प्रसारित किया गया है। जिसके बाद सोहागपुर क्षेत्र में हर्ष है। समस्त भाजपा नेताओं, व्यापारियों, परिचितों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने गौरव मोंटू अग्रवाल को उक्त नियुक्ति पर बधाई देते हुए विधायक विजयपाल सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा व्यापारी संघ प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हवन खंडेलवाल के प्रति आभार जताया है।

नवांकुर अभियानांतर्गत सोहागपुर नप ने किया सीड बॉल पौधरोपण अभियान आयोजित

ग्राम माछा में किया गया वृहद अभियान का आयोजन, कई जगह सीड बॉल फेंकी

कलेक्टर के निर्देश पर सोहागपुर विखं में वृहद स्तर पर सीडबॉल पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें नागरिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नवाचारों के लिए जाना जाता है। इसी क्रम में उन्होंने सीड बॉल पौधारोपण अभियान जिले में संचालित करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत सोमवार को सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में सीड बॉल वितरण कार्यक्रम किए गए हैं।

सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल व सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि नवांकुर महा अभियान के अंतर्गत नप सोहागपुर ने पर्यावरण संरक्षण एवं नगर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सीड बॉल पौधारोपण महा अभियान का आयोजित किया। अभियान के दौरान नगर परिषद सोहागपुर द्वारा बीज बैंक के माध्यम से तैयार की गई लगभग 4000 सीड बॉल को नगर के शोभापुर रोड स्थित अटल अमृत उद्यान से लेकर नहर के पास तक एवं विभिन्न खाली एवं उपयुक्त स्थानों पर डाला गया। वर्षा ऋतु के दौरान इन सीड बॉल में मौजूद बीजों के अंकुरित होने से विभिन्न स्थानों पर नए पौधों के विकसित होने की संभावना है। इस दौरान नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षद रविशंकर उइके, आशीष विश्वकर्मा एवं संध्या नागवंशी सहित नपकर्मी उपस्थित रहे।

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशों अनुसार दो माह से सीड बॉल का निर्माण किया जा रहा था। जिसमें अनेक प्रकार के बीजों को एकत्रित करवाकर सीड बॉल का निर्माण कराया गया था, जिससे अधिक से अधिक पौधारोपण किया जा सके। नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि सोमवार को नवांकुर अभियान अंतर्गत सीड बॉल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के कार्य को गति दी गई है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

बढ़ाई जन सहभागिता

सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं नप स्वच्छता समन्वयक नीरज मलैया ने बताया कि सोहागपुर नगर परिषद ने अभियान को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता का उपयोग किया। नप ने नागरिकों से आम, जामुन, नीम, कटहल सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार वृक्षों के बीज एकत्रित कर सीड बॉल तैयार किए। इस पहल का उद्देश्य बीजों को सुरक्षित रूप से मिट्टी तक पहुंचाकर प्राकृतिक रूप से पौधों के अंकुरण को बढ़ावा देना तथा नगर में हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। सोहागपुर नप ने इस आयोजन को 'एक बीज-एक पौधा-एक हरित भविष्य' के संकल्प के साथ आगे बढ़ाया।

माछा में भी हुआ आयोजन

जिलेभर में संचालित नवांकुर अभियान के अंतर्गत सोमवार को अनुभाग सोहागपुर में नर्मदा तट स्थित ग्राम माछा में सीड बॉल के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, तहसीलदार शक्ति तोमर , नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी, बीईओ आरके ऊईके, बीआरसीसी राकेश रघुवंशी एवं ई-गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी तथा ग्रामवासी सहभागी हुए। सभी ने सीड बॉल को विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर फैलाकर अधिक से अधिक पौधों के प्राकृतिक अंकुरण को गति दी। एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

3 दिन में सड़क नहीं सुधरी तो गड्ढों में लगाएंगे बेशरम के पौधे

नगर सरकार को कांग्रेस की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर में बारिश के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर नगर कांग्रेस ने एक बार फिर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर कांग्रेस ने एसडीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार नितिन झोड़ को सौंपकर अधूरी पड़ी सड़कों का तीन दिनों के भीतर सुधार कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में कार्य शुरू नहीं हुआ तो सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर अनोखा विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

नगर कांग्रेस का आरोप है कि बारिश के मौसम में सड़क निर्माण के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है। इससे सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं और वाहन चालकों व राहगीरों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ गया है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी दो बार प्रशासन को ज्ञापन देकर सड़कों का शीघ्र सुधार कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण शुक्रवार को एक बार फिर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर तीन दिन के भीतर सड़क सुधार कार्य शुरू कराने की मांग की गई है। नगर कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन दिनों के भीतर सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो संगठन सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर विरोध-प्रदर्शन करेगा। कांग्रेस का कहना है कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। स्वदेश शर्मा नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, हैरिसन स्वामी नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस,दीपक गोस्वामी, अभिषेक सल्लम, हिमांशु मानिक, प्रशांत गोस्वामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जनसुनवाई में नागरिकों ने दिए चार आवेदन, मृत बेटे को न्याय दिलाने भटक रही मां ने सौंपा आवेदन

सोहागपुर। स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई का आयोजित की गई। जिसमें नागरिकों की ओर से चार आवेदन दिए गए हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए पहुंच गए हैं। एक आवेदिका सावित्री बाई मेहरा उम्र 52 वर्ष निवासी अंबेडकर वार्ड सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि चार मार्च 2026 को उसके पुत्र विनोद मेहरा आयु 24 वर्ष की बांसखापा नहर के पास हत्या कर दी गई थी। घटना से पहले विनोद मेहरा को आरोपी घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। आवेदिका ने पुलिस थाना सोहागपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आवेदिका अब तक छह बार लिखित शिकायती आवेदन संबंधित अधिकारियों को दे चुकी है। लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई प्रभावी एवं ठोस वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है। यही शिकायत मृतक विनोद मेहरा के भाई सुनील मेहरा द्वारा भी जन सुनवाई में की गई है। आवेदिका ने आवेदन में दो लोगों के नाम उल्लेखित कर उन्हें आरोपी बताया है। अन्य आवेदन में आवेदक गजेन्द्र सिंह कुशवाहा अंबेडकर वार्ड सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि वह सपरिवार कच्चे मकान में निवासरत है तथा नियमित रूप से भूमि का टेक्स प्रतिवर्ष जमा करता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा भूमिहीन गरीब परिवारों को भूमि अधिकार देने के लिए आवेदन फार्म जमा कराए गए थे। आवेदक ने भी भूमि धारण अधिकार का आवेदन दिया तथा चालान राशि जमा की। लेकिन अब तक आवेदक को कोई लाभ नहीं मिला है। ग्राम गुंदरई निवासी आवेदकों ने भी आवेदन देकर उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत द्वारा नाली व सीमेंट रोड का निर्माण किया जा रहा है।

एमपी प्रीमियर लीग के क्रिकेट खिलाड़ी गौतम रघुवंशी का किया गया स्वागत व सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

टैगोर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र एवं मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (MPL) के क्रिकेट खिलाड़ी गौतम रघुवंशी अपने बचपन की यादों को ताजा करने के लिए विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि के साथ उनका अभिनंदन किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौतम रघुवंशी ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि इसी विद्यालय से उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान से लेकर रणजी ट्रॉफी एवं मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग तक के अपने सफर के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

अपने संबोधन में गौतम रघुवंशी ने कहा, ₹सफलता किसी एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और धैर्य का परिणाम होती है। यदि आपका लक्ष्य स्पष्ट है और आप पूरी निष्ठा से उसके लिए प्रयास करते हैं, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा और खेल दोनों जीवन को बेहतर दिशा देने वाले महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

नगर के तिलक वार्ड में अंकुर अभियान के तहत किया पौधारोपण, डाले गए सीडबॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद क्षेत्र के तिलक बार्ड में नवांकुर अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी उपाध्यक्ष संतोष परतें मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी सभी पार्षदों क्रषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके लेखापाल मुकेश पठारिया रुपेश मौर्य अरुण ठाकुर धर्मेन्द्र शर्मा सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों की एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सभी ने सीड वाल का प्रसार किया गया एवं गुलमोहर के पौधों का रोपण किया गया।

ग्राम पंचायत बनवारी में भी प्राक्रतिक वनीकरण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण सरंक्षण के उद्देश्य से संचालित नवांकुर अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत की समस्त ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य के अलावा लेखापाल आर एल सिंह एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।सभी ने कार्यक्रम में शामिल होकर पौधारोपण एवं सीड वाल का प्रसार किया गया।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में ऐतिहासिक विजय के बाद अधिवक्ता सलोनी अग्रवाल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के चुनाव में ऐतिहासिक विजय के बाद अधिवक्ता सलोनी अग्रवाल का सिवनी मालवा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने अपने निज निवास स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल अग्रवाल की पुत्री एवं नवनिर्वाचित अधिवक्ता प्रतिनिधि सलोनी अग्रवाल का माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

सम्मान समारोह के दौरान मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने सलोनी अग्रवाल की उपलब्धि को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के बल पर प्राप्त सफलता समाज में सकारात्मक संदेश देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सलोनी अग्रवाल अधिवक्ता संघ में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए न्याय व्यवस्था और अधिवक्ता हितों के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगी।

अपने संबोधन में मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने कहा कि समाज में युवा प्रतिभाओं का सम्मान और प्रोत्साहन सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने भी सलोनी अग्रवाल को ऐतिहासिक विजय पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। एवं उज्ज्वल भविष्य, सफल अधिवक्ता जीवन और जनहित में उत्कृष्ट कार्यों की कामना करते हुए उन्हें निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए शुभाशीष प्रदान किए।

आर्ट ऑफ लिविंग में शहर की शिक्षिका मनु राय का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

आर्ट ऑफ लिविंग का 5 दिवसीय हैप्पी शेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। तथा सुदर्शन क्रिया को सीखा तथा योग प्राणायाम आदि कराया गया। रविशंकर आर्ट ऑफ लिविंग के गुरु के आशीर्वाद से आर्ट ऑफ लिविंग की हैप्पी नेस कोर्स के लिए चयनित शिक्षिका मनु राय का चयन किया गया है। याद रहे मनु राय वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद राय अर्चना राय कि बिटिया है। कार्यक्रम में जर्स जिम मत्स्य योगा का अदभुत संगम हुआ। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और तनावमुक्त आनंद भयो जीवन के लिए सांसकी अत्यंत शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया, योगाभ्यास करते हुए खुशहाली का अनुभव किया गया। यह शहर के इतिहास में पहली बार किसी युवती शिक्षिका मिलीं है।

किशोरी बालिकाओं ने किया डाकघर का भ्रमण सुकन्या समृद्धि योजना की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सेक्टर माखन नगर की किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान बालिकाओं को डाकघर ले जाकर सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

डाक विभाग के अधिकारियों ने योजना के लाभ, पात्रता, खाता खोलने की प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी देकर बालिकाओं को बचत एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पर्यवेक्षक रजनी दीक्षित ने बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन एवं महिला हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सहायता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों का भी भ्रमण कराया गया, जिससे बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की उपयोगिता समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। विभाग ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बनाना है।

सेना की वर्दी में लौटे लकी वर्मा का नागरिक अभिनंदन

बुधनी। भारतीय सेना में अग्निवीर चयनित होकर छह माह का सैन्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पहली बार सेना की वर्दी में गृह नगर लौटे जवान लकी वर्मा का नगर में भव्य स्वागत किया गया। नगरवासियों ने फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और बैंड-बाजों के साथ उनका नागरिक अभिनंदन कर देश सेवा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। महाराणा प्रताप चौंक पर सैकड़ों लोगों ने लकी वर्मा का स्वागत किया। इसके बाद खुली जीप में बैंड-बाजों और डीजे के साथ स्वागत यात्रा निकाली गई, जो माध्यमिक शाला, बुधनी घाट होते हुए उनके निवास तक पहुंची पूरे मार्ग में महिलाओं ने आरती उतारी,बच्चों ने मिठाई खिलाई और विभिन्न स्थानों पर शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया।

एसडीएम विजय राय के निर्देशन में बढ़ाई जा रही सुविधाएं

निराश्रित गौवंशों के लिए प्रयास लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

निराश्रित गौवंश के संरक्षण, सुरक्षा और समुचित देखभाल को लेकर प्रशासन द्वारा बंदरखो स्थित आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला में व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दंडाधिकारी विजय राय के निर्देशन में गौशाला में चारा, पेयजल, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य गौवंश को सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि उनके संरक्षण एवं देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे।

प्रशासन ने गौशाला की व्यवस्थाओं को चरणबद्ध ढंग से मजबूत करने की कार्ययोजना बनाई है। सबसे पहले जनपद पंचायत की 84 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारियां तय की गईं, ताकि गौशाला के संचालन में सभी का समन्वित सहयोग सुनिश्चित हो सके। इसके बाद गौवंश के लिए अतिरिक्त सुविधाएं विकसित करने का कार्य तेज गति से प्रारंभ किया गया, जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं की बेहतर व्यवस्था की जा सके। कुछ दिन पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी एवं नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया था। निरीक्षण के दौरान गौवंश के रखरखाव, चारे, पेयजल और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसके पश्चात विभिन्न विभागों एवं ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं, जिससे गौवंश की नियमित देखभाल और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

एसडीएम विजय राय के मार्गदर्शन में गौवंश के लिए पर्याप्त संख्या में चारे की होद (नांद) तैयार कराई जा रही हैं, ताकि सभी गौमाताओं को एक साथ सुचारु रूप से चारा उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

जरूरतमंदों के लिए पिता, भाई एवं भाभी की पुण्य स्मृति में किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए नर्मदापुरम जिले के माखन नगर के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सक डॉ. डी.के. रैना साहब एवं उनकी बहन ग्वालियर निवासी मंजू दर ने अपने पिता स्वर्गीय दया कृष्ण रैना एवं भैया भाभी स्वर्गीय राजेंद्र रैना श्रीमती विभा रैना की पुण्य स्मृति में राम रहीम रोटी बैंक समिति को दान राशि प्रदान की गई। दानदाताओं ने बताया कि यह राशि समिति द्वारा जरूरतमंद, बेघर एवं बेसहारा लोगों की भोजन व्यवस्था तथा अन्य उपयोगी सामग्री क्रय करने हेतु उपयोग में लाई जाएगी। डॉ. रैना परिवार ने कहा कि उनके पिता जी जीवनभर मानव सेवा और परोपकार के आदर्शों पर चले। उनकी पुण्य स्मृति में भूखे को भोजन कराना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। राम रहीम रोटी बैंक समिति ने डॉ. डी.के. रैना साहब एवं मंजू दर के इस सेवा-भाव एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। समिति ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्य आत्माओं को शांति प्रदान करें और दानदाता परिवार पर अपनी कृपा बनाए रखें।

खबर संक्षेप

देवशंकर के स्थान पर शंकर सिंह बने रहटगांव तहसीलदार

रहटगांव। तहसीलदार का प्रभार सोमवार को शंकर सिंह रघुवंशी ने ले लिया है एवं रहटगांव तहसीलदार देव शंकर धुर्वे का तबादला टिमरनी हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार रघुवंशी का पहले सिराली तहसील में तबादला हुआ था जिसे जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निरस्त करते हुए रहटगांव तहसीलदार का प्रभार सौंपा है।

हरदा तहसीलदार बने महेंद्र चौहान, शंकरसिंह को रहटगांव की जिम्मेदारी

हरदा/रहटगांव। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए नए अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश के अनुसार महेंद्र चौहान को हरदा तहसीलदार, पूजा भाटी सांखला को हंडिया और प्रिंसी जैन को सिराली तहसीलदार नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, टिमरनी में देवशंकर धुर्वे और रहटगांव में शंकरसिंह रघुवंशी को तहसीलदार का दायित्व सौंपा गया है। मोहनसिंह ठाकुर को खिरकिया का नायब तहसीलदार बनाया गया है। यह नियुक्तियां हाल ही में हुए तबादलों के बाद की गई हैं। पूर्व में हरदा तहसीलदार राजेंद्र पंवार का देवास, सिराली तहसीलदार विजय साहू का खंडवा और हंडिया तहसीलदार वीरेंद्र ऊईके का बैतूल स्थानांतरण किया गया था। वहीं, खिरकिया में लवीना घाघरे अपने पद पर तहसीलदार के रूप में यथावत बनी रहेंगी।

जिला जेल में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

सीहोर। सीहोर जिला जेल में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला जेल के 303 बंदियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

तीन थैली शराब की बोतलें जमा कर कचरा घर में फेंकी

सीहोर। 36 साल से विकास की राह देख रहा सुंदर वन अब कचरा, पॉलीथिन, शराब की बोतल, पन्नी, रैपर उगल रहा है। रविवार को सीवन पुत्र टीम फिर सुंदर वन पहुंची। टीम ने कहा बच्चों की मस्ती के लिए सुंदर वन लौटाना होगा। लोगों के सुकून के लिए इसे फिर से बसाना होगा। टीम ने सुंदर वन की आवाज बनने का संकल्प लिया। सीवन पुत्र टीम ने पूरे सुंदर वन से कम से कम तीन थैली शराब की बोतलें इकट्ठा कीं। बोतलें कचरा घर में फेंकी गईं। टीम ने सुंदर वन को मूल स्वरूप में लाने के लिए पौधरोपण से शुरुआत की। इस दौरान वाहन रैली भी निकाली गई। देशभक्ति के नगमे गूंजते रहे। सीवन पुत्र के प्रदीप चावड़ा ने कहा सभी सुंदर वन का फिर से विकास चाहते हैं। विजेंद्र जायसवाल ने कहा सुंदर वन हमारा गौरव था।

ब्रिज कॉरपोरेशन ने रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज की उपयोगिता को लेकर तीन कैमरे लगाए

56 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज निर्माण को लेकर ग्राउंड लेवल पर तैयारियां जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

शहर में करीब 56 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण होना है। ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज की उपयोगिता को लेकर तीन कैमरे मंगलवार को लगाए गए। कैमरों के माध्यम से रेलवे डबल फाटक पर रोजाना दिन रात कितने वाहनों का आना-जाना बना रहता है इस संबंध में जानकारी विभाग द्वारा एकत्रित की जा रही है। एक तरीके से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक सर्वे का कार्य किया गया जिसमें दिन भर की हैवी ट्रैफिक की सभी क्रियाकलाप कैमरों में दर्ज हुए।

खिरकिया रेलवे गेट क्रॉसिंग पर तकरीबन रोजाना 20 हजार से ज्यादा दो पहिया और चार पहिया वाहनों की आवागमन रेलवे गेट के दोनों हिस्सों में होता है। दिन रात करीब 150 से ज्यादा बार रेलवे गेट बंद होने की स्थिति में कई किलोमीटर की लंबी लाइन सड़क के दोनों हिस्से में लगती है जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक और आसपास के ग्रामीण अंचल के किसान व्यापारी मजदूर विद्यार्थी सभी परेशान होते हैं। खिरकिया रेलवे गेट के दूसरे हिस्से में खंडवा जिले का किल्लोद ब्लॉक भी आता है

जिसका एकमात्र आने जाने का रास्ता हरदा जिले के खिड़किया से है। इंदिरा सागर का बैक वॉटर लगा होने के कारण खंडवा जिले से कलेक्टर एसपी से लेकर कोई भी अधिकारी या आम नागरिकों को किल्लोद ब्लॉक में आना जाना हो तो हरदा जिले के खिरकिया स्थित रेलवे फाटक से आना जाना पड़ता है। खिरकिया रेलवे गेट के दूसरे हिस्से में हरदा जिले के करीब 40 गांव और खंडवा जिले के किल्लोद के 35 गांव स्थित है। इस क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को रोजाना रेलवे गेट बंद होने की स्थिति में रेलवे गेट पर घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। बार-बार रेलवे गेट खुलने बंद होने के कारण ट्रेनों की आवाज अभी भी प्रभावित होती है वही दुर्घटनाओं का खतरा भी क्रॉसिंग खुले होने के समय लगातार बना रहता है। वर्तमान समय में बारिश का सीजन होने के चलते फिलहाल रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की संख्या कुछ कम हो जाती है लेकिन गेहूं चने और सोयाबीन मूंग के सीजन में किसानी आवक बढ़ने के चलते ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या में चार गुना बढ़ोतरी होती है। इसके चलते रेलवे पटरियों पर ओवरब्रिज का निर्माण अब बेहद जरूरी हो चला है।

गौरतलब है कि हरदा शहर टिमरनी शहर भिरंगी क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है, लेकिन खिरकिया शहर में अभी तक ओवर ब्रिज का काम शुरू नहीं हो सका है। समय से ब्रिज का निर्माण शुरू न होने के कारण स्थानीय नागरिकों एवं आसपास के हजारों ग्रामीणों को बार-बार ट्रैफिक जाम की बेहद असुविधा का रोग सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही शहर की करीब 40 हजार की आबादी रोजाना अपनी दिनचर्या के चलते शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में आना जाना करती है। रेलवे गेट बार-बार बंद होने की स्थिति में स्थानी लोगों को भी बेहद परेशानी होती है।

ट्रैफिक सर्वे किया

ओवरब्रिज की उपयोगिता के लिए ट्रैफिक सर्वे किया गया। खिरकिया रेलवे क्रॉसिंग पर यह सर्वे किया गया है। रोजाना कितने वाहन क्रॉसिंग से निकलते हैं और ब्रिज की कितनी उपयोगिता है इसके मद्देनजर यह सर्वे किया गया है।

गिरीश हिंगवे, एसडीओ ब्रिज कॉरपोरेशन

शीघ्र कार्रवाई का मिला आश्वासन

पत्रकार भवन की मांग को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

वर्षों से लंबित पत्रकार भवन की मांग को लेकर सोमवार को हरदा जिले के विभिन्न प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिषद के हालिया निर्णय को निरस्त करने तथा पूर्व में पारित पत्रकार भवन संबंधी प्रस्ताव को पुनः लागू करने की मांग की।

ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा 23 सितंबर 2024 को सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 22 स्थित वाचनालय भवन के स्थान पर तीन मंजिला भवन का निर्माण कर उसमें एक फ्लोर पत्रकारों को पत्रकार भवन के रूप में आवंटित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद लंबे समय तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पत्रकारों का कहना है कि 17 जुलाई 2026 को नगर पालिका परिषद की बैठक में उसी स्थान को 30 वर्ष के पट्टे पर देने का निर्णय ले लिया गया, जिससे जिले के पत्रकारों में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि इस निर्णय को तत्काल निरस्त कर पत्रकार भवन के लिए पूर्व में पारित संकल्प को प्रभावी बनाया जाए, ताकि जिले के पत्रकारों को वर्षों से प्रतीक्षित पत्रकार भवन उपलब्ध हो सके। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने पत्रकारों की मांग को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर नगर पालिका प्रशासन से चर्चा करेंगे तथा पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित निर्णय के लिए आवश्यक पहल करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले के विभिन्न समाचार पत्रों, समाचार चैनलों और डिजिटल मीडिया से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पत्रकार भवन की मांग को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की अपील की।

जांच में जुटी पुलिस

जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली महिला की उपचार के दौरान मौत

रहटगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम केली में कीटनाशक का सेवन करने वाली एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला पिछले चार दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती थी, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम केली निवासी समाय कासड़े, पत्नी श्रवण कासड़े, ने करीब चार दिन पहले अपने घर पर अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा था। जिला अस्पताल में लगातार चार दिनों तक उपचार के बावजूद महिला की हालत में सुधार नहीं हो सका। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। मृतका के पति श्रवण कासड़े ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती थीं। उन्होंने कहा कि महिला ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। मृतका अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गई है। पुलिस के अनुसार, महिला द्वारा कीटनाशक सेवन करने के पीछे के वास्तविक कारणों का पता जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

आजाद नगर के निवासियों ने रहवासी पट्टा व पानी की व्यवस्था कराने मांग की

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम मगरधा निवासी सत्यनारायण गौर ने आवेदन देकर किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदक की पात्रता अनुसार किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने के निर्देश दिये। ग्राम कायागांव निवासी दीपक चौरे ने आवेदन देकर अपनी कृषि भूमि का

नक्शा दुरूस्त कराकर सीमांकन कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में हरदा के वार्ड नम्बर 32 आजाद नगर के निवासियों ने आवेदन देकर रहवासी पट्टा व पानी की व्यवस्था कराने की मांग की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। मेजर जोशी कॉलोनी हरदा के निवासियों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर घरों के सामने से गंदे पानी की निकासी के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। खेड़ीपुरा हरदा निवासी रघुवीर प्रजापति ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त प्रदाय कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम गहाल निवासी कृष्णा गिनारे ने छात्रावास में प्रवेश कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में हरदा निवासी श्रीकिशन दुर्हान ने दो माह से वृद्धावस्था पेंशन की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम मोहनपुरा निवासी सुखलाल ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत गीता मानस भवन में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को थाना कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत तथा नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में गीता मानस भवन, सीहोर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने गीता मानस भवन में उपस्थित नागरिकों, वरिष्ठजनों एवं आमजन को नशे के

सामाजिक, मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे से दूर रखने तथा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय एवं सेवन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर नशा मुक्ति केंद्र एवं चिकित्सकीय सहायता लेने हेतु भी प्रेरित किया गया। सीहोर पुलिस आमजन से अपील की है कि नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में सहभागी बनें।

पिछले साल से कम वर्षा

जावर-रेहटी में एक इंच पानी गिरा जिले में औसत 0.28 इंच दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। 20 जुलाई को जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को जिले में औसत 0.28 इंच बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश जावर और रेहटी क्षेत्र में हुई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में जिले में बारिश का दौर जारी रहने और 22 जुलाई से भारी बारिश की संभावना जताई है।

20 जुलाई को जिले के जावर क्षेत्र में सबसे अधिक 0.98 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं रेहटी में 0.93 इंच वर्षा हुई। इसके अलावा इछावर में 0.20 इंच, आष्टा में 0.12 इंच और बुधनी में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई। सीहोर, श्यामपुर और भैरूंदा क्षेत्र में रविवार को बारिश का आंकड़ा शून्य रहा, हालांकि पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे।

शासकीय योजनाओं की जानकारी दी

स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता व जागरुकता कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा के तत्वावधान में मंगलवार को एल.एन. पालीवाल हायर सेकंडरी स्कूल, रहटगांव एवं आंगनबाड़ी केंद्र, नजरपुरा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों को विभिन्न कानूनों, संवैधानिक अधिकारों तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, नशे के दुष्परिणाम, भारतीय संविधान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा शिक्षा के अधिकार और उसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा नागरिकों को अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उनके साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को नालसा एवं सालसा की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं तथा विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनीस मोहम्मद खान ने महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की गरीबी उन्मूलन एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जनहित याचिका, लोक उपयोगी लोक अदालत तथा वैकल्पिक विवाद समाधान की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा से संपर्क करने का आग्रह किया गया। शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन तथा पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला, नशामुक्त समाज का दिया संदेश

नशामुक्त समाज का निर्माण कानून से नहीं, बल्कि जनभागीदारी व युवा शक्ति की सक्रिय सहभागिता से ही संभव : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मंगलवार को सैकड़ों विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय और महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा के छात्र-छात्राओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग किया।

कार्यक्रम के दौरान, महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल के पीछे मैदान पर सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने 'से नो टू ड्रग्स 2.0' की आकर्षक आकृति बनाकर समाज को नशे के विरुद्ध एक सशक्त संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया और आमजन से भी नशे से दूर रहने की अपील की। पुलिस अधीक्षक शशांक ने इस अवसर पर कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल कानून से नहीं, बल्कि जनभागीदारी और युवा शक्ति की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई

गई इस मानव श्रृंखला को समाज को जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बताया। बताया- नशा समाज के लिए घातक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, खेल, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाकर नशे से दूर रहने की सलाह दी, जिससे एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके।

इसके उपरांत, एएसपी मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अन्य नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने सामूहिक रूप से भविष्य में नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।